तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 24 मार्च 2024

12 बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से रबी फसल को ...

13 मोदी की गारंटी और जनता के विश्वास से हासिल ....




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829



# पहले सीखा फिर गुलाल को बनाया आय और स्वावलंबन का जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समूह ने जनपद से प्रशिक्षण पाया, अब

- डोकरपाली में स्वसहायता समूह की महिलाएं तैयार कर रही हर्बल गुलाल

होली पर्व के लिए हर्बल गुलाल बनाकर जहां इसे आय का जरिया बना रही हैं वहीं अब डोकरपाली की महिलाएं स्वयं को स्वावलंबी के तौर पर अपनी पहचान बनाने जा रही हैं।

मिली जानकारी के अनुसार जय माता दी स्व सहायता समूह डोकरपाली के महिलाओं ने होली पर्व को बनाने के लिए हर्बल गुलाल बना कर होली पर्व को उत्साह के साथ बनाने व अपने समूह को आय का एक जरिया बनाया। ज्ञात हो कि यह समूह 2020 से संचालित है व समूह को जनपद पंचायत द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बताया गया है कि समूह में 11 महिलाएं है जो बीच-बीच ग्राम में जनजागरण का भी कार्य करती है एवं स्वच्छता अभियान में भी अपना योगदान देती है। जिसमें अध्यक्ष चित्ररेखा दीवान सचिव बेदीन दीवान, सदस्य हेमलता यादव, अमरीका कांति, जानकी, चित्ररेखा, कल्याणी, पद्मनी, यशोदा, देवनतीन शामिल हैं।



### सी मार्ट के बारे में जानकारी नही

महिलाओं को बाजार खोजने में परेशानी हो रही है। इन्हें मुख्यालय स्थित सी मार्ट के बारे में जानकारी ही नही है। जानकारी के अभाव में इन महिलाओं को जगह-जगह छोटे-छोटे दुकानदारों से संपर्क कर अथवा स्वयं स्टॉल लगाकर उत्पाद विक्रय करना पड़ रहा है। हर्बल गुलाल बनाने और सीखने के बाद इन्हें उचित मार्गदर्शन नही मिल पाने की कमी दिखाई पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के संतराम सिदार पिता कार्तिकराम (45) वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर निवासी ने अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### फांसी लगाने से महिला की मौत

**महासमुंद।** तेंदूकोना क्षेत्र के ग्राम बुंदेली से महिला की फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने बाताया कि मृतका रेवती दीवान पिता स्व. श्यामलाल दीवान (49) की अज्ञात कारणों से फांसी लगा लेने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत जहर सेवन से एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि संजय निषाद पिता कन्हैया लाल (35) ग्राम सिमगांव ने बीते शुक्रवार को अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया था, जिसे परिजनों ने अंबेडकर अस्पताल रायपुर में भर्ती किया था। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

### जांच : डेढ़ लाख उत्तरपुस्तिकाएं पहुंची

# बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मूल्यांकन के लिए 500 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी

जिला समन्वयक केंद्र स्वामी आत्मानंद हिंदी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार से दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया। दो दिन पहले ही यहां विभिन्न जिलों की लगभग डेढ़ लाख उत्तरपुस्तिकाएं समन्वयक केंद्र पहुंचीं।

बता दें कि हर बार की तरह इस बार भी जिले में बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए एकमात्र समन्वयक केंद्र बनाया गया है जहां 500 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन के लिए लगाई गई है। उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने




मार्च के अंतिम सप्ताह से मूल्यांकन शुरू करने का आदेश दिया था।

समन्वयक केंद्र प्रभारी आत्मानंद हिंदी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एचके आचार्य ने बताया कि बुधवार से ही माध्यमिक शिक्षा मंडल से उत्तरपुस्तिकाएं यहां पहुंचनी शुरू हो गई है। पहली खेप में लगभग डेढ़ लाख कापियां यहां आई है। तीन अप्रैल के बाद दूसरी खेप आएगी। उन्होंने बताया कि आज से हर रोज प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को जांचने के लिए 40 कॉपी दी जाएगी।

मालूम हो कि 10 वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को 11 रुपए प्रति उत्तरपुस्तिका और 12 वीं के लिए 12 रुपए के साथ टीए, डीए और 25 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाले मूल्यांकनकर्ता को एक सौ रुपए की अतिरिक्त राशि मिलती है।

# पोषण पखवाड़ा में महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





कुशाभाउ ठाकरे गार्डन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें शहरी परियोजना अधिकारी शैल नाविक, शीला प्रधान, कुन्ती यादव, उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि श्रीमती निरंजना चंद्राकर समाज सेविका, विशिष्ट अतिथि सरला सूचक व सेजल उपस्थित रहीं। इस दौरान बेहतर कार्य के लिए उम्रदराज कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का शॉल, श्रीफल एवं गुलदस्ता से सम्मानित किया गया। मंजू ठाकुर, योजना ध्रुव, बाहरिन ध्रुव आदि का सम्मान किया गया एवं सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। शिक्षिका खेमीन साहू द्वारा पौष्टीक आहार एवं कार्यकत्ताओ के बारे में विचार प्रगट किया। प्रांतीय अध्यक्ष सुधा रात्रे एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राखी शर्मा ने भी अपने विचार रखे। समाज सेविका श्रीमती निरंजना चंद्राकर ने उद्‌बोधन में आंगनबाड़ी के नन्हे मुझे बच्चों को कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को ममतामयी प्यार से गरम भोजन एवं पौष्टीक भोजन करवाना बहुत ही सराहानीय कार्य है। इस कार्यक्रम में सुलेखा शर्मा, अंजू चन्द्राकर, रागिनी चन्द्राकर, राखी शर्मा, अंजूला चौरसिया, गायत्री कुर्रे, ललिता नंदे, मीनाक्षी, चित्रलेखा, देवकी, बिंदु ठाकुर आदि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही सहायिकाएं एवं समूह की महिला बहनें भी उपस्थित रहीं।

## आचार संहिता लगने से फीका पड़ा होली का रंग

**महासमुंद।** आगामी लोकसभा चुनाव के चलते लगे आचार संहिता का असर होली के त्यौहार पर दिख रहा है। वैसे तो होली की तैयारी और मनाया जाना सप्ताह भर पहले ही शुरू हो जाता है। लोग रंग, पिचकारी, होलिका दहन को लेकर सामान जुटाने की तैयारी शुरू कर देते हैं, लेकिन इस बार आचार संहिता के चलते लगाई गई पाबंदियों का असर पर्व पर दिखने लगा है। त्यौहार की रौनक फिलहाल फीकी है। शहर के चौक-चौराहों में होलिका दहन को लेकर कोई तैयारी नहीं दिख रही है। शहर के अलावा गांवों का भी यही हाल है। आचार संहिता लगते ही इस बार लाउड स्पीकर एवं डीजे आदि पर पाबंदी लगा दी गई है। वहीं लोग खरीददारी करने में भी कम रूचि दिखा रहे हैं। बाजार में ग्राहकी पर इसका असर दिखाई दे रहा है। वहीं अभी तक पुलिस थाना द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एवं पेट्रोलिंग, चौक चौराहों पर पुलिस बल के तैनाती को लेकर थाने से कोई गाइड लाइन अब तक जारी नहीं किया गया है। हालांकि पुलिस द्वारा शनिवार देर शाम शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया।

### आचार संहिता का असर, शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले की पुलिस होली त्यौहार और लोकसभा चुनाव के लिए लगे आचार संहिता के चलते शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने विभिन्न जगहों पर शराब कोचियों पर कार्रवाई करते हुए सात लोगों को पकड़ा है। महासमुन्द पुलिस ने गोपाल धीवर पिता स्व.सोनूराम (45) वार्ड नं. 27 गुडरूपारा की घर बाड़ी से 2520 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1120 रुपए एवं 1000 एमएल. महुआ शराब कीमत 200 रूपए को जब्त किया है। सांकरा पुलिस ने मनोहर प्रधान पिता स्व. सकीर्तन प्रधान (49) सागुनढाप की बाड़ी से 5000 एमएल महुआ शराब कीमत 1000 रुपए को बरामद किया। वहीं पटेवा पुलिस ने कुल्हरिया जाने का रास्ता ग्राम पचरी से संतराम रात्रे पिता चैतराम रात्रे (60) को 6000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए के साथ, बसना पुलिस ने सुशीला नाग पति योगेंद्र नाग (50) नरसिंगपुर को घर बाड़ी में रखे 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए के साथ, पिथौरा पुलिस ने प्रदीप मलिक पिता ननकुराम (23) के कब्जे से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए के साथ, बागबाहरा पुलिस ने टुकेश सोनवानी पिता अगस्ती (31) को एनएच 353 रोड दारगांव जाने का रास्ता पर से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को एवं तुमगांव पुलिस ने ग्राम अछोला से सतेंद्र धृतलहरे पिता दिलेश्वर (21) को 6660 एमएल अंग्रेजी शराब कीमत 4440 रुपए को मो.सा. कीमत 35 हजार रुपए में परिवहन करते समय जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों से बरामद अवैध शराब को जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट एवं 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर पुलिस रिमांड पर जेल भेज कार्रवाई किया है।



# जनपद पंचायत में 15 दिनों से बोर खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांव-गांव में मूलभूत सुविधाएं जिस माध्यम से पहुंची हैं उसी जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में स्थित बोर पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिसके चलते यहां पेयजल की समस्या बनी हुई है। यहां दूरदराज से पहुंचने वाले ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने बताया कि यहां बोर खराब होने के कारण पानी की समस्या तो हो रही है, लेकिन पीएचई विभाग ने मेरे द्वारा आवेदन देने के पश्चात नया बोर खनन किया है, जिसकी गहराई 400 फीट है। बावजूद यहां जलस्तर गिरा हुआ है। जल्द ही बोर मशीन लगाई जाएगी। वही जनपद पंचायत में पहुचे सरपंच संघ अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, जनपद सभापति दिग्विजय साहू, जनपद सदस्य कुणाल चंद्राकर, खरोरा सरपंच प्रतिनिधि देवदत्त चंद्राकर, उपसरपंच देवेंद्र चंद्राकर, रोमी, टीकम ने बताया कि यहां पानी की समस्या इतनी हो गई है कि टायलेट में आ रही बदबू से भी लोग हलकान हैं। गांव-गांव से यहां अपने पंचायती कार्य से आने जाने वाले पीने के पानी के लिए तरस रहे है। यहाँ पानी का जार तो आता है, लेकिन पर्याप्त नहीं होने के कारण पानी पीने के लिए प्लास्टिक बॉटल लेकर चाय दुकान होटल में जाते हैं।

## होली से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च...



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में शनिवार को होली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुलिस पुन: कोतवाली पहुंची। इस दौरान पुलिस ने पर्व के दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद जताई।

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित, वृद्ध आरोपी को 7 साल का सश्रम कारावास

**महासमुंद।** आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम अंसुला निवासी अभियुक्त 60 वर्षीय हेमलाल निषाद पिता शिवनाथ निषाद को भादसं की धारा 306 के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी तरह साक्ष्य छुपाने के मामले में धारा 201 के तहत एक वर्ष के सश्रम कारावास और 5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर क्रमशः एक माह और 15 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। कारावास की सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

अभियोजन के अनुसार ग्राम अंसुला निवासी मृतिका के पुत्र भूपेंद्र निषाद ने सांकरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 अप्रैल 2020 को दोपहर में करीब 1 बजे अपने कमरे में था। पिता हेमलाल नहाने गए थे। नहाकर आने के बाद पूछा कि तेरी मां कहां है। इस पर सभी लोग घर व आसपास ढूंढने लगे। घर के अंदर पटाव के पास सिढ़ी रखी हुई थी। पिता हेमलाल उपर जाकर देखे और बताया कि उसकी मां फांसी लगा ली है। इस पर पिता-पुत्र ने मिलकर शव को नीचे उतारा। गांव में उस दिन पूजा और नवरात्र का आखिरी दिन था इसलिए गांव वालों को नही बताए और पिता फांसी लगाने वाले रस्सी को जला दिए थे। पीएम रिपोर्ट में फांसी के कारण दम घूटने से मृत्यु होना बताया गया था। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्त का किसी महिला से अवैध संबंध था। जिसको लेकर विवाद होता था और अभियुक्त अपनी पत्नी से मारपीट करता था। घटना के एक दिन पूर्व रात्रि में मृतिका के साथ अभियुक्त हेमलाल निषाद ने मारपीट करने के साथ ही रात भर गाली-गलौज की थी, जिससे व्यथित होकर मृतिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन की ओर लोक अभियोजक भूपेंद्र चंद्राकर ने पैरवी की।

### बागबाहरा पुलिस ने जब्त किया 5 किलो गांजा

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने 5 किलो गांजा जब्त कर दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजेश सिन्हा पिता महेतरू सिन्हा (45) निवासी उरला वार्ड नं. 5 सकरी जिला रायपुर व एक अन्य के पास से 5 किलो 500 ग्राम गांजा कीमत 110000 रुपए को जब्त किया है। इसके अलावा आरोपियों के पास मोटर साइकिल व दो मोबाइल भी जब्त किया गया है। मामले में इन आरोपियों के खिलाफ धारा 20 ख नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## प्रतिदिन हो रही 80 टन सब्जियों की खपत, होली पर्व के साथ दामों में बढ़ोत्तरी

# बारिश का खास असर नहीं, रोज 90-95 टन सब्जियों की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछले दिनों तेज हवा के साथ रुक-रुक कर हुई बारिश का अभी कोई खास असर सब्जियों की आवक पर नहीं पड़ा है, पर होली त्योहार के बाद सब्जियों की आवक में कमी साथ ही दामों में बढ़ोत्तरी होगी। अभी स्थानीय सब्जी बाजार में हर रोज 90-95 टन सब्जियों की आवक हो रही है और हर रोज 80 टन की खपत भी हो रही है। गत दिनों हुई बारिश के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा था कि बारिश से सब्जियों को नुकसान पहुंचेगा पर बारिश का कोई खास असर नहीं पड़ा है। सब्जी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष संतोष चंद्राकर ने बताया कि प्रतिदिन 90-95 टन सब्जियों की आवक हो रही है।

जिसमें 95 प्रतिशत सब्जियों की लोकल आवक और 5 प्रतिशत सब्जियां गाजर, मटर, कटहल और शिमला मिर्ची बाहर से आ रही है। उन्होंने बताया कि बारिश के बाद सब्जियों की कम आवक से दाम बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा था पर अभी सब्जियों की व्यापक आवक है। कुल सब्जियों की आवक में 75-80 टन सब्जियों की खपत हो रही है। केवल 10-15 टन ही सब्जी बच रही है। उन्होंने बताया कि बारिश का असर फिलहाल नहीं दिख रहा है पर एक हफ्ते बाद यानि होली त्योहार के बाद जब सब्जी बाजार खुलेगा तो सब्जियों की आवक कम होगी जिसका असर उसके दाम पर भी पड़ेगा। स्वाभाविक है आवक कम होने से दाम में भी बढ़ोत्तरी होगी।



### चिल्हर में महंगी सब्जियां

थोक की अपेक्षा चिल्हर दोगुने, तिगुने दाम में सब्जियां बिकीं। चिल्हर में परवल 60 रुपए किलो, मुनगा 40, करेला 35, फूलगोभी 40, भिंडी 40, हरी मिर्च 50, भटा 15, टमाटर 15, पत्ता गोभी 20, हरी और काली बरबट्टी 20, धनिया 40 और लोकी 15, मटर 50, कटहल 50, अदरक 160, गाजर 30, शिमला मिर्च 100 रुपए किलो के भाव से बिकी। चिल्हर व्यावसायियों का कहना है कि ग्राहक छांटकर सब्जी ले जाते हैं बाद में बची हुई सब्जियों से नुकसान उठाना पड़ता है, यही कारण है कि थोक की अपेक्षा चिल्हर में सब्जियां महंगी होती है।

### अदरक सबसे महंगा, थोक में 110

श्री चंद्राकर ने बताया कि आज थोक में सबसे महंगा अदरक 110 रुपए किलो बिका है जो चिल्हर में 160 रुपए किलो में बिक रहा है। वहीं परवल 50, मुनगा 30 करेला 20, फूल गोभी 25, भिंडी 30, हरी मिर्ची 40, टमाटर 12, पत्ता गोभी 12, हरी और काली बरबट्टी 10 धनिया 30, लौकी 6, भटा 10, मटर 35, कटहल 25, गाजर 15, शिमला मिर्च 60 रुपए किलो में बिकी। सब्जी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष संतोष चंद्राकर ने बताया कि होली त्योहार में सब्जी बाजार सोमवार, मंगलवार और बुधवार को पूर्णतः बंद रहेगा। बाजार में लोकल व बाहरी आवक नहीं होगी।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### किराने की दुकान के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** जिले में बाइक चोरी के मामले बढ़ते जा रहे है। सिटी कोतवाली क्षेत्र में अतिथि भोग किराना दुकान के सामने बीटीआई रोड से स्कूटी क्र सीजी-06-जी.एम-7529 कीमत 20 हजार रुपए की चोरी रिपोर्ट प्रार्थी आदित्य कृष्णानी पिता दिलीप (29) मेघ बसंत कॉलोनी ने लिखाई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम किया है।

### नाम निर्देशन प्राप्ति के संबंध में प्रशिक्षण 26 को

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। संबंधित कर्मचारी रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे तथा कार्य समाप्ति के पश्चात रिटर्निंग ऑफिसर से अनुमति प्राप्त कर कार्यालय से प्रस्थान करेंगे लोकसभा निर्वाचन की अधिसूचना घोषित अनुसार नाम निर्देशन की प्राप्ति की जाएगी। इसके लिए अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। अधिकारी कर्मचारियों को नामांकन आवेदन की पंजीयन, जांच आवश्यक प्रपत्र पुस्तक इत्यादि प्रत्याशी को उपलब्ध कराने, परिचय पत्र बनाने, पंजी संधारण करने सहित अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। उक्त सभी अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण 26 मार्च 2024 को 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन 26 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन कार्यक्रम 26 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे परिषद भवन में आयोजित किया गया है। फाग गीत के साथ होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने परिषद के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

### मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। उक्त समिति में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेश के तहत समिति की अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगी। समिति के सदस्य के तौर पर अपर कलेक्टर जी.आर.मराकम, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शब्बीर हुसैन, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी उपेन्द्र चन्देल, पत्रकारगण सुभाष साहेब, मेघराज ठाकुर और सहायक सूचना अधिकारी, जिला जनसम्पर्क कार्यालय अमित कुमार नुणीवाल को समिति में सदस्य सचिव के तौर पर शामिल किया गया है।

### चिटौद में फाग गायन एवं पंचरंगी 26 को

**पुरूर(धमतरी)।** होली पर्व पर ग्राम चिटौद में न्यू फाग एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा एक दिवसीय फाग गायन एवं पंचरंगी कार्यक्रम का आयोजन 26 मार्च को गोंड़वाना भवन त्रिमूर्ति चौक पर किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ जितेन्द्र यादव, शिशुपाल सिन्हा, दीपक गजेन्द्र, आरडी शोरी, रमेश जोगी, जीवनलाल ठाकुर, जागेश्वर निषाद, भूपेन्द्र तिवारी, तीरथ यादव, निर्मल साहू, छबिलाल साहू, जयेश कुमार करेंगे। समापन अवसर के अतिथि राजकुमार मालिकपुरी, प्रदीप रणसिंह, सांवत साहू, जितेन्द्र साहू, रूपराम नागवंशी, पुरूषोत्तम सिन्हा होंगे। कार्यक्रम में जय कृष्ण फाग मंडली ग्राम चिटौद, नवदुर्गा फाग एवं जस मंडली नरबदा, जय मां भवानी फाग एवं जस मंडली कुसुमकसा अपनी प्रस्तुति देंगे।

**प्राकृतिक आपदा : राजस्व एवं कृषि विभाग ने किया फसल क्षति का आंकलन**

# बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से रबी फसल को नुकसान, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पिछले बुधवार को अचानक हुई बारिश एवं ओलावृष्टि से क्षेत्र में लगी रबी फसल के साथ-साथ सब्जी की फसल बर्बाद हो गई। खासकर गेहूं, सरसों, मूंग एवं चना आदि फसल को काफी नुकसान पहुंचा। बर्बाद हुए फसल को देखकर किसानों की माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई। बड़ी मेहनत करके फसल तैयार किए थे, मगर अब हाथ कुछ भी हासिल नहीं होगा। किसी तरह कर्ज लेकर फसल लगाने वाले किसानों को अब कर्ज चुकाने की चिंता सता रही है। हालांकि, फसल को कितना नुकसान पहुंचा है इसका आकलन करने में प्रशासन जुटा है।

गुरुवार को कृषि विभाग एवं राज्यसभा विभाग के अधिकारी खेतों में पहुंच कर वास्तविक नुकसान के आंकड़े जुटा रहे हैं। किसानों की माने तो गेहूं की बालियां पकने के समय अचानक हुई ओलावृष्टि से बालियां झड़कर जमीन में गिर गई है। जिसके चलते उत्पादन एवं गुणवत्ता पूरी तरह से प्रभावित होगी। किसानों का कहना है कि बारिश की वजह से फसल की कटाई नहीं हो पाई है। पूरी फसल अब ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई। ओलावृष्टि से सर्वाधिक नुकसान ग्राम





रोहिना दुर्गापाली बिरसिंगपाली, सागरपाली, बिछिया ग्राम पंचायतों में देखने मिला। ग्राम रोहिना के बसंत नायक, वीरेंद्र सेठ, रविंद्र सेठ एवं रूपानंद साहू आदि ने बताया की बारिश से फसल फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। रघुमणि साहू ने मखना की फसल ली थी मगर ओले गिरने पूरी फसल चौपट हो गई।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुई नुकसान का आकलन करने सरकार ने आदेश जारी की है। प्रदेश में बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान के आकलन को लेकर विष्णुदेव साय सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। आपदा विभाग बेमौसम बारिश से किसानों की नुकसान फसलों का आकलन करेगी। इसे लेकर आपदा विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश में बीते दिनों बारिश के साथ ओले गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इससे गेहूं, मूंग, चना, सरसों की फसल के साथ ही सब्जियों को काफी नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर लिखा था कि बेमौसम बारिश और ओले गिरने से फसलों को हानि हुई है। इससे किसानों को मायूस होने की जरूरत नहीं है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। हमारी सरकार किसानों के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

#### मुआवजे की मांग

फसल को प्राकृतिक आपदा से नुकसान होने पर शासन द्वारा मुआवजा एवं फसल बीमा दिए जाने का प्रावधान है। कई किसानों ने प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए फसल बीमा भी कराया गया है। किसानों ने फसल बीमा का लाभ एवं आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा दिलाए जाने की मांग शासन से की है।

#### पहली बार हुई ऐसी ओलावृष्टि

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि पहली बार क्षेत्र में ऐसी ओलावृष्टि का मंजर देखने को मिला। पहले जो फसल अच्छी दिख रही थी, वह घंटेभर बाद बर्बाद हो गई। ओलावृष्टि की वजह से पेड़ पौधों के पत्ते तक झड़ गए। ओले के आकार काफी बड़े-बड़े थे। पहली बार क्षेत्र में इतने बड़े बड़े ओले देखने को मिला। ओलावृष्टि से हुए नुकसान का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि छतों पर लगाए सीमेंट का सीट, छप्पर तक फट गए।



### विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारी

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक हुई। जिसमें केन्द्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे उपस्थित रहे। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में गांव-गांव में चले अक्षत वितरण में लोगों को लेकर संगठन का विस्तार गांव-गांव तक विस्तार करने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। संगठन के आयाम को पूर्ण करने व सभी कार्यकर्ता प्रशिक्षित हो एवं आचरण में रहकर संगठन का कार्य करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय संगठन महामंत्री की उपस्थित में विभिन्न दायित्वों का नियोजन हुआ। जिसमें धर्मेंद्र महोबिया प्रात धर्म प्रसार प्रमुख, उत्तम वर्मा प्रांत सह अर्चक पुरोहित प्रमुख, अखिलेश लूनिया विभाग मंत्री, विष्णु चंद्राकर विशेष संपर्क प्रमुख राजिम विभाग, अदिति चंद्राकर दुर्गा वाहिनी विभाग सह संयोजिका, ईवन साहू विभाग सहसंयोजक बजरंग दल व महासमुंद जिला कार्यकारिणी में दानेश्वर सिन्हा जिला उपाध्यक्ष, विजय महतो जिला उपाध्यक्ष, धनेंद्र चंद्राकर जिला मंत्री, गीतेश पंडा जिला संयोजक बजरंग दल, चांदनी साहू, दुर्गा वाहिनी संयोजिका, राजेश चौधरी सह मंत्री, बसंत देवता सह मंत्री, रमेश्वर पांडे जिला कोषाध्यक्ष, विपीन बिहारी महंत जिला सेवा प्रमुख, दीक्षा चंद्राकर जिला सह संयोजिका, चंचल जिला सुरक्षा प्रमुख, मयंक पाणिग्रही जिला गौ सेवा प्रमुख, मनीष चंद्राकर धर्माचार्य सेवा प्रमुख, गुड्डा सिन्हा जिला प्रचार प्रमुख, संजय यादव विशेष संपर्क प्रमुख, आशुतोष साहू जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख, छबि सिन्हा जिला बालोंपासना प्रमुख, नेहरू पटेल जिला सह सेवा प्रमुख, संकेत साहू जिला सह गौ सेवा प्रमुख, रामेश्वर गोलू साहू जिला सत्संग प्रमुख, जिला अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल व जिला कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष चंद्राकर आदि शामिल है।

### रबी फसल के लिए बारिश वरदान साबित



**नर्रा।** क्षेत्र में ओलावृष्टि व अंधड़ के साथ झमाझम बारिश हुई। हवा तूफान के कारण गांवों में पेड़ पौधे के साथ ही विद्युत पोल भी गिर गए थे। ओलावृष्टि से फसल व सब्जी का नुकसान होने की खबर तो नहीं है। लेकिन, बारिश रबी फसल धान के लिए वरदान साबित हुआ। क्षेत्र में लो वोल्टेज के कारण सबमर्सिबल पंप से खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा था। दरअसल खेत में बोए गए ग्रीष्मकालीन रबी फसल धान की नमी सूखकर दरार पड़ने लगे थे। किसान चिंता में पड़ गए थे। धूप से फसल झुलस रहे थे। इसी बीच हुई जोरदार बारिश से खेतों की प्यास बुझ गई और फसल मरने से बच गई। साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसानों ने जो पहले धान की रोपाई किया था, अब धान की बालियां निकलना शुरू हो गए है। किसान के चेहरे पर खुशी है।



### शहीद दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन

**सरायपाली।** शहीद दिवस पर फुलझर डिफेंस अकेडमी द्वारा शनिवार की सुबह संचालक धर्मेंद्र चौधरी व उनके सदस्यों द्वारा नगर में मैराथन दौड़ आयोजित किया गया। पुलिस टीम भी साथ थी।



### राजेश ने किया भाजपा प्रवेश

**सरायपाली।** भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन नई मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक प्रतिनिधि व किराना व्यापारी संघ के सहसचिव राजेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद चुन्नी लाल साहू, लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रुप कुमारी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया व अन्य पदाधिकारी के समक्ष भाजपा प्रवेश किया।



### समाजवादी नेताओं ने किया लोहिया को याद

**महासमुंद।** प्रखर चिंतक तथा समाजवादी राजनेता डॉ राममनोहर लोहिया की जयंती पर स्थानीय लोहिया चौक में उनकी प्रतिमा पर नगरपालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं प्रबुद्धजनों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



### सरायपाली में मुस्लिम महिलाओं एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रवेश

**सरायपाली।** भाजपा की सरायपाली विधानसभा की कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की नीति से प्रभावित होकर प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी तारतम में वार्ड नंबर 6 के पार्षद गुंजन अग्रवाल के सक्रियता एवं भाजपा पार्टी की रीति नीति एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रभावित होकर पार्षद गुंजन अग्रवाल के नेतृत्व में 25 से ज्यादा मुस्लिम एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों से बात करने पर बताया गया कि वार्ड पार्षद गुंजन अग्रवाल की सक्रियता एवं भाजपा पार्टी की रीति नीति और सोच की वजह से हम भाजपा पार्टी में आए है। पार्षद गुंजन अग्रवाल से बात कर कैबिनेट मिनिस्टर टंकराम वर्मा एवं भाजपा की महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ सदस्य के समक्ष हमने प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया है।

## नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी सांवत से शिक्षक संघ ने की मुलाकात

**महासमुंद।** छग शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा जिला अध्यक्ष टेकराम सेन व प्रांतीय मंत्री उमेश भारती गोस्वामी के नेतृत्व में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधित्व करते हुए जिलाध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि छग शिक्षक संघ राष्ट्रहित, शिक्षाहित शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित जैसे अपने चार पुरुषार्थों के साथ सतत अग्रसर है, ऐसे नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी के कंधे से कंधा मिलाकर जिला के शैक्षिक प्रगति एवं नवाचार के लिए आश्वस्त किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी सावंत ने कहा कि शिक्षा के विकास में छग शिक्षक संघ का अमूल्य योगदान रहा है। वे सदैव शिक्षा एवं शिक्षकों की समस्याओं को सुलझाते हुए



योगदान देंगे। इस अवसर पर प्रमुख रुप से संगठन मंत्री, राजेंद्र इंगोले, राजेश साहू, रामकुमार साहू, मानिक साहू, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, लता वैष्णव, मधु शर्मा, आशा साहू, अविनाश लाल, कुबेर साहू, नेमीचंद अग्रवाल, जितेंद्र चंद्राकर, जगदीश साहू, शैलेंद्र सोनी, प्रमोद कन्नौजे, लक्ष्मीकांत सिन्हा, सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय सचिव ईश्वर चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी टेकराम सेन ने दी है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर स्थानीय आप पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में राजधानी के अंबेडकर चौक में मूर्ति के सामने प्रदर्शन किया। जिसमें काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रात के समय हुई गिरफ्तारी पूरी तरह से अनुचित, लोकतांत्रिक अनैतिक और प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। ईडी और अन्य जांच एजेंसियां केंद्र सरकार के हाथों में अपनी विरोधियों को दबाने का हथियार बन गई है और यह पूरी तरह से एक स्वतंत्र राष्ट्र के लोकतांत्रिक मापदंडों के विरुद्ध है।

चंद्राकर ने कहा कि आज तक



ईडी किसी भी राजनेता के हाथों में जाने वाले तथाकथित 100 करोड़ रुपए के बारे में एक रुपया भी साबित नहीं कर पाई है। अरविंदो फार्मा के मालिक शरत चंद्र रेड्डी को ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था, वह इलेक्टोरल बांड के जरिए एक बार 5 करोड़ और एक बार 25 करोड़ रुपए बीजेपी को चंदा देकर जेल से बाहर आ गए और ईडी ने उनको सरकारी गवाह बना दिया, उनकी गवाही पर भरोसा नहीं किया जा सकता और बिना किसी पुष्ट सबूत के सिर्फ सरकारी गवाहो के बयानों के आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी सत्ताधारी पार्टी द्वारा अपने विरोधियों को कुचलने के लिए सत्ता का स्पष्ट दुरुपयोग है। दूसरी तरफ सत्ताधारी भाजपा को ऐसे कंपनियों ने करोड़ों रुपए का दान इलेक्टोरल बांड के जरिए दिया, जिनकी सालाना आय उतनी नहीं जितना दान दिया, सवाल यह उठता है कि इन कंपनियों के पास इतना पैसा आया कहा से। वास्तव मे ईडी को इस महाघोटाले की जांच करनी चाहिए, लेकिन सत्ताधारी मोदी सरकार इसका दुरूपयोग कर रही है। चंद्राकर ने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना बेहद जरूरी है और सत्ताधारी पार्टी द्वारा इसे कमजोर नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन मोदी सरकार प्रजातंत्र को समाप्त कर अधिनायक वाद का रास्ता अपना रही है। वास्तव में भाजपा द्वारा इलेक्टोरल बांड के जरिए किए गए घोटाला से जनता का ध्यान भटकाने के लिए अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी करवाई गई है, जिसे जनता देख भी रही है और समझ भी रही है।

विरोध प्रदर्शन में महासमुंद जिले से भूपेंद्र चंद्राकर, अभिषेक जैन, संतोष चंद्राकर, शकील खान, नीलम ध्रुव, संतोषी साहू, मुकेश कुर्रे, विकास कुमार, रुपकुमार चक्रधारी आदि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

**एनएचएम दिल्ली की ज्वाईंट सेक्रेटरी ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण**

## ज्वाईंट सेक्रेटरी ने कहा-जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड का परफार्मेंस गुड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

एनएचएम दिल्ली की ज्वाईंट सेक्रेटरी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। कमियां मिलने पर नाराजगी जताई, वहीं प्रसव के मामले में मेटरनिटी वार्ड की सराहना की।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दिल्ली की ज्वाईंट सेक्रेटरी आराधना पटनायक शुक्रवार की शाम अचानक जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गई। इस दौरान उन्होंने अस्पताल भवन, ओपीडी, मर्च्यूरी सहित वार्डों का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर



में जगह-जगह हुए कंस्ट्रक्शन को लेकर नाराजगी जताई। वहीं अस्पताल के पुराने हो चुके भवन को देख चिंता जताई। सिविल सर्जन डा. टोंडर ने डाक्टरों के कार्य, अस्पताल में संचालित सुविधाओं सहित जिले के अन्य शासकीय अस्पतालों की जानकारी दी।

मेटरनिटी वार्ड के निरीक्षण के दौरान प्रसूता महिलाओं की ओपीडी व आईपीडी को बेहतर पाया। हर महीने अस्पताल में 500 से अधिक प्रसव होने की जानकारी मिलने पर ज्वाईंट सेक्रेटरी ने मेटरनिटी वार्ड के परफार्मेंस को गुड बताते हुए स्टाफ के कार्यों की सराहना की। प्रसव के आंकड़े को देख जिला अस्पताल के लिए शिशु-मातृत्व क्लिनिक, एमसीएच की आवश्यकता बताते हुए अस्पताल प्रबंधन से प्रपोजल भेजने के लिए कहा। जिला अस्पताल में एमसीएच शुरु करने का प्रपोजल मिलते ही स्वीकृति देने की बात कही। इससे प्रसूताओं को भी राहत मिलेगी। निरीक्षण पश्चात जिले में चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की अधिकारियों से जानकारी लेकर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीएमएचओ डा. मंडल, सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर, आरएमओ डा.राकेश सोनी, डा. खालसा, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, मैटर्न पार्वती नेताम, डा. गुरूशरण साहू सहित अन्य चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित थे।

### पुलिस व प्रशासन की टीम ने किया शहर में फ्लैग मार्च

**धमतरी।** त्योहारों व लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने व अपराधियों के मन में भय उत्पन्न करने पुलिस व प्रशासन की टीम ने शहर में पैदल मार्च किया। आने वाले दिनों में होली व ईद का त्योहार है, वहीं आगामी लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है। इसे देखते हुए एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन व एएसपी एवं एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च रत्नाबांधा से सदर बाजार होते हुए मकई चौक पहुंचा। फ्लैग मार्च त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के उद्देश्य से निकाला गया। इससे असामाजिक तत्वों में भय पैदा होगा।

खबर संक्षेप



## पाली स्कूल में छात्रों को कराया नेवता भोज

**महासमुंद।** पोषण शक्ति आहार योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पाली संकुल केंद्र सोरम सिंघी विकासखंड बागबाहरा में बच्चों के लिए नेवता भोज का कार्यक्रम शिक्षकों द्वारा रखा गया। शिक्षक राजेश दीवान ने अपने जन्मदिन पर केक एवं केला की व्यवस्था किया गया। शिक्षक बालेश्वर साहू ने आगामी जन्मदिवस पर जलेबी एवं संस्था के प्रधान पाठक कमल नारायण ध्रुव, शिक्षक राकेश चंद्राकर, ताराचंद चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर एवं पंकजनी सिंह द्वारा खीर -पुड़ी, पापड़,आचार, सलाद एवं दाल चावल सब्जी की व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य आरडी निराला, संकुल समन्वयक पीतांबर पाठक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, पालक, रसोइया एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस प्रेक्षक के लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त

**महासमुंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए महासमुंद जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन को पुलिस प्रेक्षक के लाइजनिंग ऑफिसर का दायित्व सौंपा है।

## पोस्टल बैलेट, ईडीसी, ईटीपीबीएस के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने पोस्टल बैलेट, ईडीसी, ईटीपीबीएस के लिए डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी के सहयोग के लिए विधानसभावार अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली के लिए 14, विधानसभा क्षेत्र 40 बसना के लिए 13 अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 41 खल्लारी म् 14 एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद में 16 अधिकारी कर्मचारियों को नोडल अधिकारी के सहयोग के लिए नियुक्त किया गया है। उक्त सभी अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण 27 मार्च 2024 को 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।

### निधन



**ललिता साहू**

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी बाजार चौक निवासी ललिता साहू (77) का निधन 23 मार्च शनिवार को हो गया। अंतिम संस्कार प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में सामाजिक व ग्रामवासी उपस्थित थे। वे ओमप्रकाश साहू की मां थी।

**सभा : महासमुंद विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटे भाजपाई, कइयों ने थामा भाजपा का दामन**

# मोदी की गारंटी और जनता के विश्वास से हासिल होगा 400 पार का लक्ष्य : अरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा का महासमुंद विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, छग शासन के खेल, युवा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व मंत्री कुरूद विधायक क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक एवम लोकसभा प्रभारी मोतीलाल साहू, विधायक सहप्रभारी भावना बोहरा, रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला सहप्रभारी संध्या परगनिहा, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, प्रदेश सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, प्रभारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र में माल्यार्पण पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव विश्व पटल पर भारत देश की एक नई दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव है। भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाकर विश्वस्तरीय पहचान दिलाने वाले नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का शंखनाद हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हुए जनता ने कांग्रेस की भूपेश सरकार को प्रदेश की सत्ता से बेदखल कर साबित कर दिया है। देश और प्रदेश का विकास, भाजपा की सरकार के कार्यकाल में ही साकार होगा।

साव ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मोदी की दी हुई गारंटी वाली महत्वपूर्ण वायदों को प्रदेश की भाजपा सरकार ने महज 100 दिन के भीतर पूरा कर दिखाते हुए बता दिया है कि भाजपा की सरकार जो कहती है वही करती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने 100 दिन के भीतर किसानों को 3100 रुपये की दर से धान खरीदी की पूरी रकम अंतर राशि सहित एकमुश्त प्रदान किया है। 3716 करोड़ रुपए 2 साल का पिछला बकाया बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के माध्यम से 1000 रुपए महीने की सम्मान राशि वितरण किया है। धर्म संस्कृति और गौरव के प्रतीक भगवान श्रीराम की 22 जनवरी को अयोध्या में हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने ठुकराकर साबित कर दिया है कि उन्होंने राष्ट्रधर्म का अपमान किया है। देश की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ठान लिया है कि जो राम का नही वो देश मे किसी काम का नही है। पूरे देश की जनता का विश्वास और जनसमर्थन मोदी के साथ है और लोकसभा में भाजपा इस बार 400 पार के लक्ष्य को अवश्य ही कार्यकर्ताओं के दम पर हासिल करेगी।

खेल, युवा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों की तारीख का एलान हो चुका है और हम सभी का लक्ष्य इस बार भी हर बूथ पर भाजपा की विजय का है। सांसद चुन्नीलाल साहू ने पिछले बार की भूपेश सरकार की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि मोदी की सरकार की विकास कार्यों की राशि को भूपेश बघेल की सरकार ने जनहित के बजाय घोटाले और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया।

रूपकुमारी चौधरी ने उपस्थित जनसमूह से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं इस चुनाव में प्रत्याशी है। मैं एक प्रतीक के रूप में लोकसभा प्रत्याशी बनकर आप आप सभी के समक्ष उपस्थित हुई हूं। जब मोदी ने जनधन खाता खुलवाकर सभी को बैंकों से जोड़ा तो उस वक्त ही उनकी दूरगामी सोच थी कि सरकार की योजनाओं का पूरा पैसा हितग्राही को पूरे का पूरा बैंकों के माध्यम से सीधा प्राप्त हो।

लोकसभा प्रभारी विधायक मोतीलाल साहू ने संबोधन में कहा कि यह चुनाव परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद का चुनाव है। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि देश में अखंड भारत निर्माण के लिए धारा 370 खत्म कर एक ऐतिहासिक युग की शुरुआत हुई इस चुनाव में हर बूथ में भाजपा की कम से कम 370 मतों की बढ़त वोट का लक्ष्य हम सभी को रखना है। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से भाजपा पदाधिकारी पवन वर्मा, एतराम साहू, मंडल अध्यक्षगण सतपाल सिंघ पाली, श्याम साकरकर, धरम पटेल, पप्पू पटेल, माधव टाकसाले, प्रलय थिटे, मोती साहू, निरंजना शर्मा, धरम साहू, ललिता अग्रवाल, सुधा साहू, मीना वर्मा, कौशल्या बंसल, रमेश साहू सहित विधानसभा समन्वय समिति के सदस्य, चारों मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र और बूथ समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।





**होली मिलन समारोह हुआ**

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान उपस्थित अतिथियों के समक्ष महासमुंद विधानसभा के सतनामी समाज के 300 महिला पुरुष सदस्यों सहित कांग्रेस और अन्य राजनैतिक दलों, सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत सैकड़ों सदस्यों ने भाजपा में प्रवेश किया, जिनको अतिथियों द्वारा भाजपा गमछा और श्रीफल भेंटकर भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। 23 मार्च को कार्यकर्ता सम्मेलन के पश्चात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास से हुआ। कार्यकर्ताओं ने आने वाले होली पर्व की शुभकामनाएं एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर दी। बैठक का संचालन विधानसभा सह संयोजक सन्दीप दीवान व आभार तुमगांव मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने किया।





## भाजपा गरीबों व किसानों की सेवा करने वाली पार्टीः साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

देश के सबसे बड़े लोकतंत्र महापर्व की चुनाव के तारीख के ऐलान के बाद सभी पार्टियां अपने-अपने वृहद कार्यक्रमों की तैयारी में लग गई। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी पूरे चुनावी रंग में दिखी। 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। चुनावी आगाज के लिए भारतीय जनता पार्टी ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा में वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में 23 मार्च को खल्लारी विधानसभा के पांचों मंडल के कार्यकर्ताओं स्थानीय कृषि उपज मंडी में कार्यकर्ता बड़ा सम्मेलन हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित उपमुख्यमंत्रीअरुण साव ने खल्लारी की जनता को मंच से ही प्रणाम कर अपने संबोधन की शुरुआत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की बात करते हुए कहा कि भाजपा गरीबों व किसानों की सेवा करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि एक एक कार्यकर्ता अपने बूथ में जिताने का संकल्प ले। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को राज्य की जनता ने हाथों-हाथ लिया है और पूरे राज्य में अभूतपूर्व संतोष और खुशी का माहौल है।

सांसद चुन्नीलाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने मात्र 90 दिन की अल्पावधि में जनता के हित के लिए जो काम किया, जो योजनाएं बनाई और उन्हें सफलतापूर्वक लागू किया।

इस दौरान अजय चंद्राकर, शंकर अग्रवाल, संजय शर्मा जिला अध्यक्ष, जगन्नाथ पाणिग्रही, प्रीतम दीवान पूर्व विधायक, परेश बागबाहरा पूर्व विधायक, स्मिता हितेश चंद्राकर जनपद अध्यक्ष, अल्का नरेश चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, प्रेमशंकर पटेल, हितेश चंद्राकर, मोनिका साहू, हेमंत तिवारी, दुबे लाल साहू, आबिद खान, बाला चंद्राकर, भेखलाल लाल साहू, शंकर तांबी, प्रेम साहू, पालेश्वर पटेल, सागर चंद्राकर, धरम दीवान, थान सिंह दीवान मंच पर विराजमान थे।

## कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य, सरपंच समेत सैकड़ों पंच भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों तथा विजन विकसित भारत से प्रभावित होकर कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य, सरपंच और सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए है। भाजपा प्रदेश मंत्री कामता पटेल और जिला सह कोषाध्यक्ष धनेश नायक के नेतृत्व में कांग्रेस समर्थित नेता भाजपा में शामिल हुए। जिसमें दीपांजलि सरवंश जनपद सदस्य, राधा नायक जनपद सदस्य, रजनी नायक जनपद सदस्य, पद्मा सागर जनपद सदस्य, फूलकुमारी बरिहा जनपद सदस्य, सादराम सिदार जनपद सदस्य, डमरूधर पटेल जनपद सदस्य, अरुण नायक सचिव फूलझर अघरिया समाज, रूपबो बरिहा पूर्व सरपंच चिवरकुटा, हेमसागर नायक कार्यकारिणी सदस्य अघरिया समाज, निराकार सागर जनपद प्रतिनिधि, खगेश्वर प्रधान कार्यकारिणी सदस्य कोलता समाज, अजय बाध सरपंच मलदामाल, रत्ना इंदल प्रसाद खूंटे सरपंच, यमुना प्रसाद सरपंच पतेरापाली, खीरकुमारी पोरते सरपंच टेमरी, खिरोदिनी कुमार सरपंच बनोभाटा, प्रकाश सोना सरपंच अतरला, दामोदर चौहान सरपंच चकरदा, मनोहर पटेल सरपंच मुंधा, पुरषोत्तम पटेल सरपंच बटकी, अजय नंद सामाजिक कार्यकर्ता, महेंद्र नायक उपसरपंच चट्टीगिरोला, विद्या चौधरी चट्टीगिरोला, कमल पटेल बलौदा एवं सैकड़ों पंचगण भाजपा में शामिल हुए।



## स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी के पहले बच्चों ने जमकर खेली होली

**सरायपाली।** होली को लेकर बाजार तो सज चुके है और 24 की रात होलिका दहन किया जाएगा तथा 25 मार्च सोमवार को अंचल में होली खेली जाएगी। पर्व के पहले शनिवार को स्कूल कॉलेज में उत्साह देखते ही बनती है। विद्यार्थी अपने सहपाठी के साथ साथ अपने शिक्षकों के साथी भी होली खेली। वही प्राइवेट संस्थानों में भी कर्मचारी पर्व में घर के पहले ऑफिस में एक-दूसरे के साथ होली खेल चुके हैं। होली को लेकर स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। स्कूल की छुट्टी होते ही छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए। इस मामले में शिक्षक भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी होली खेली और एक दूसरे को होली की बधाई दी। अंचल के सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में रविवार को छात्र आए थे और साथ में अबीर गुलाल भी लेकर आए थे तो विद्यालय प्रबंधन भी अबीर गुलाल की व्यवस्था किए हुए थे। विद्यालय में खूब अबीर गुलाल लगाए।

## गीता, तुलसी वर्षा, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





मिनी स्टेडियम में आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन तुलसी वर्षा, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ समाप्त हुआ। अंतिम एवं सातवें दिन हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तजनों को संबोधित करते हुए पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि जो आपके कठिन समय एवं दुखों में काम आए ऐसे व्यक्तियों को कभी नहीं भूलना चाहिए और यदि जीवन में कठिनाईयों का सामना हो तो उसे भगवान का प्रसाद मानकर धारण करना चाहिए। सुख और दुख कर्मों का फल है, जो समयानुसार सबको प्राप्त होता है। कथा के अंतिम दिवस पर सभी को भगवत भक्ति में मन लगाने प्रेरित करते हुए प्रसिद्ध कथा वाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज ने अपने बड़प्पन पूर्ण बातों से कहा कि किसी तरह की असुविधा व तकलीफ के लिए मुझे अपने छोटा समझकर क्षमा करना। पंडित के भावपूर्ण उद्बोधन से हजारों की संख्या में उपस्थित भक्त पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज का जयकारा लगाने लगे व अंतिम दिवस भक्तिमय माहौल में महाराज ने होली का आनंद अपने गीतों के माध्यम से दिया। वहीं भक्तजन थिरकने को मजबूर हो गए।

इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा सात दिनों तक अपने अनूठे संचालन के जाने जाने वाले टेकराम सेन एवं राजश्री ठाकुर सहित कार्यकर्तागण चंद्रशेखर बेलदार, गुड्डा सिन्हा, सुमन सेंद्रे प्रहलाद यादव, अर्चना राव, विमला गोंडाने, शशि सिन्हा, दक्षा जोशी, श्वेता सोनी, मीना गुप्ता, दमयंति ममता पटेल, रुबी मिश्रा, वंदना सेन, श्वेता गुप्ता, दुर्गेश नंदिनी, सरोजना साव, कृष्णा चंद्राकर, मनोज साहू सहित अपने सुमधुर आवाज के साथ संगीत का धुन देने वाले शिवम मोनू, विनोद वैधनाथ, तोखन, आदित्य, नारायण, यश, राज ब्रजवासी, पवन ओमप्रकाश सहित प्रांशु चंद्राकर, मुरली राजपुरोहित लवेश साहू, अभिज्ञान मिश्रा, शुभम टोंडेकर, राहिल गुप्ता को पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज एवं कथा के सूत्रधार योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से नंदू चम्पेश्वरी सिन्हा, योगेश्वर राजू, प्रिया सिन्हा, दानेश्वर, कुंजू सिन्हा सहित पूरा सिन्हा परिवार एवं मुख्य यजमान सुशील शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा सहित सभी सह यजमानों की ओर से भव्य आयोजन एवं सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। समापन अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक सहित हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।



## दिव्यांग बच्चों के साथ शहीद दिवस एवं होली मिलन समारोह में पहुंचे विधायक

**सरायपाली।** जन विश्वास सेवा समिति द्वारा संचालित उडान दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष आवासीय विद्यालय में समिति द्वारा शहीद दिवस व होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था। समिति के अध्यक्ष उड़ान स्कूल की संचालिका उमा साहू ने बताया कि शहीदों को दिव्यांग बच्चों, समिति के सदस्यों एवं आये हुए अतिथियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात दृष्टि एवं मुकबधिर बच्चों के साथ होली खेली गई। इस कार्यक्रम में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, भंवरपुर चौकी प्रभारी विनोद कश्यप, मनोज अग्रवाल, प्रकाश सिन्हा, प्रदीप गुप्ता अमर बग्गा, बसना से सोनू श्रीवास्तव, एहसान दानी, रमा कांति, जंबू (माला) पटेल, समाजसेवी रूबी ठाकुर, गौ सेवक गुड्डु जयसवाल, मयंक, मंगला यादव, विजय कुमार अग्रवाल, कोमल एवं समिति के उपाध्यक्ष हेमंत साहू, जयगोपाल साव, भागीरथी दास, स्कूल स्टाफ प्रधान पाठक गुलशन साहू, विनय यादव, कांति यादव , मुकेश साहू, श्रीपति कलेत, सुबलया कलेत आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## खुसरुपाली स्कूल में जल संरक्षण दिवस मनाया

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लाक अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला खुसरुपाली में 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाया गया। छात्रों द्वारा जल बचाने एवं संरक्षण का शपथ ली गई। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने जल संरक्षण पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षिक धीरज तिवारी, उषा चंद्राकर, भामा दीवान और बाल बाल केबिनेट के सदस्यगण उपस्थित रहे।



## शहीद दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में शहीद वीर भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि ने कहा ने कि भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव ने भारत देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। भारत देश में हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस के रूप से मनाया जाता है।



## बनपचरी स्कूल में विदाई समारोह हुआ

**महासमुंद।** प्राथमिक स्कूल बनपचरी में 5वीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। क्लास चौथी के बच्चों ने स्वागत सम्मान कर उपहार भेंट किया। इस अवसर पर हाईस्कूल बनपचरी से व्यख्याता पूर्णिमा मानिकपुरी, निकिता चंद्राकर, उच्च प्राथमिक स्कूल से कल्याण पटेल, प्रेम चंद लोधी, संकुल समन्वयक महेंद्र ध्रुव, प्राथमिक स्कूल की प्रधानपाठक अंजु ध्रुव, मनोज कुलदीप, अशोक निषाद, समूह के जानकी ध्रुव, सविता ध्रुव, पार्वती ध्रुव, शोहद्रा, अलका, सुलेना, सावित्री गोस्वामी आदि मौजूद रहे।



## छात्रों को कराया गया न्योता भोज

**महासमुंद।** बनपचरी स्कूल में विदाई समारोह के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। सिद्धि महिला स्वसहायता समूह द्वारा न्योता भोज कराया। इसमें केला, भजिया, टमाटर, चटनी, चावल, दाल परोसा गया। इस मौके पर व्यख्याता पूर्णिमा मानिकपुरी, निकिता चंद्राकर, उच्च प्राथमिक स्कूल से कल्याण पटेल, प्रेम चंद लोधी संकुल समन्वयक महेंद्र ध्रुव, प्राथमिक स्कूल की प्रधानपाठक अंजु ध्रुव, मनोज कुलदीप, अशोक निषाद, समूह के जानकी ध्रुव, सविता ध्रुव, पार्वती ध्रुव, सोहद्रा, अलका, सुलेना, सावित्री गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

**आयोजन :** भाजपा का विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस पदाधिकारियों सहित 1177 ने किया प्रवेश

# विकसित भारत के लिए भाजपा की वापसी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद चुन्नीलाल साहू, संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही, विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी आदि हुए शामिल

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शहर के सिटी ग्राउंड दशहरा मैदान में बीजेपी के कार्यकर्ता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस महासम्मेलन में खेल युवा कल्याण विभाग एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, सहसंयोजक संतोष उपाध्याय, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, बसना विधानसभा विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी भाजपा रूपकुमारी चौधरी, जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला संगठन सह प्रभारी संध्या परगनिया, विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



### बीजेपी सरकार का तीसरा कार्यकाल जरूरी

कार्यकर्ता महासम्मेलन में जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही ने कहा कि भाजपा जो है सरकार का तीसरा कार्यकाल सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहे हैं, बल्कि भारत को विकसित भारत बनाने के लिए जरूरी है। लोकसभा चुनाव 2024 के साथ साथ आगामी और पांच कार्यकाल में भाजपा को ही जीताकर भारत का सत्ता सौंपना है। ताकि, भारत को विश्वगुरु बना सके। अन्य देशों में राष्ट्रपति आवास में राष्ट्रपति रहते हैं, पर हमारे भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे भारत के सभी देशवासी प्रधानमंत्री आवास में रहते हैं।

सम्मेलन में खेल युवा कल्याण विभाग एवं राजस्व मंत्री वर्मा ने लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। मंत्री वर्मा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा की सत्ता में जोरदार वापसी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार करना ही होगा। आने वाले दिनों में हर एक सदस्य को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं का विश्वास और समर्थन हासिल करने को अपना मिशन बनाना होगा।

### विधायक ने भी कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो अहम सुझाव देते हुए जो भारत को विकसित भारत विश्वगुरू बनाने का संकल्प लिया है, उसे जमीनी धरातल पर उतारेंगे। भाजपा आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रगतिशील नीतियों, दृढ़ नेतृत्व, और विश्वसनीयता के कारण वे आधुनिक भारत के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण संघर्षक हैं। उनके प्रयासों ने भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उच्चतम स्थान तक ले जाया है। आज भारत का नाम विश्व पटल के उच्च स्थान पर नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ निश्चय और कुशल नेतृत्व के कारण हो पाया है। आज देश में मोदी गारंटी की ही चर्चा है। जन-जन के बारे में सोचने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने तथा महासमुंद लोकसभा के सांसद प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी को 51 हजार से अधिक मतों से जिताने हेतु सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मन लगाकर काम करना है। लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राम-राम को सभी क्षेत्रवासियों तक पहुंचाना है।

### 1177 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा की रीति नीति व विधायक डॉ.संपत अग्रवाल की सेवा कार्यों से प्रभावित होकर बसना विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी रविंदर सिंह (राजा बग्गा), महासमुंद जिला पंचायत सदस्य चंदन माझी, जनपद सदस्य चेतन बरिहा, ग्राम पंचायत भठोरी सरपंच बृजेश यादव, ग्राम पंचायत बम्हनी सरपंच उमेश प्रधान, सतनामी समाज महंत छबिलाल रात्रे, अनंत नायक, श्यामलाल प्रधान, जनपद पंचायत सभापति सोहन पटेल सहित 1177 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। साथ ही जनपद पंचायत बसना अध्यक्ष रुक्मणी सुभाष पटेल ने अनेक जनपद सदस्य व सरपंच समेत 28 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, सतीश अग्रवाल, ओमप्रकाश चौधरी, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नरेश सिंघल, माधव साव, हरप्रसाद पटेल, कृष्ण कुमार साहू, अखिलेश भोई, रामचंद्र अग्रवाल, स्वप्निल तिवारी, अभिमन्यु जायसवाल, जन्मजय साव, सुवर्धन प्रधान, महेंद्र सिंह अरोरा, शीत गुप्ता, प्रकाश सिन्हा, विक्की सलुजा, डेनियल पीटर, विकास वाधवा, निर्मलदास, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा मोहित पटेल, नवीन साव, जितेन्द्र कश्यप, नंद किशन साव, अभय धृतलहरे, राधेश्याम नायक, पुरुषोत्तम धृतलहरे, अशोक चौधरी, सोहन पटेल, हरजिंदर सिंह, पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## अपर कलेक्टर ने ली बसना जनपद में अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान केंद्रों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के निरीक्षण और निर्वाचन व्यवस्था के लिए रवि साहू अपर कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 40 बसना द्वारा सेक्टर अधिकारियों का आवश्यक बैठक जनपद पंचायत बसना सभागार में ली गई। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू द्वारा सेक्टर अधिकारियों को प्रत्येक मतदान केंद्र का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों में आवश्यक उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी तत्काल



प्रदाय करने तथा लोकसभा निर्वाचन के लिए आवश्यक तैयारी समय सीमा में पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में इस दौरान डॉ. रविराज ठाकुर एसडीएम बसना, सनत महादेवा सीईओ बसना, अर्पन कुर्रे नायब तहसीलदार, ललित सिंह नायब तहसीलदार बसना, एसआर निराला वन परिक्षेत्राधिकारी बसना, बीआरसीसी ललित देवता, एबीओ बद्री विशाल जोल्हे, खिरोद्र पुरोहित प्राचार्य सेसेज, नयन प्रधान आरईएस, गजानन भोई मास्टर ट्रेनर बसना और विधानसभा 40 बसना के समस्त सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

## जंघोरा में जमीन रजिस्ट्री को लेकर धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

ग्राम जंघोरा में धोखाघड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम जंघोरा के ब्रह्म सिंह नाग व भुवनेश्वरी नाग ने एक लाख पचास हजार रुपए गबन का आरोप पिथौरा निवासी सचिन घरड़े के ऊपर लगाया है। पिथौरा के एक व्यापारी से जमीन का सौदा कर ब्रम्हसिंह ने एक लाख पचास हजार बयाना लिए थे।

किन्तु, कुछ दिन बाद सचिन घरड़े जंघोरा जाकर ब्रह्मसिह को अपनी बातों में उलझाकर धोखा देकर सौदा कैंसिल हो गया बोलकर पैसे को खुद ले आया और उनको अपने ठगे जाने की जानकारी तब लगी जब उनके पास जमीन रजिस्ट्री कराने वकील का नोटिस आया, तब वे सचिन के पास गए तब सचिन ने कहा कि जो करना है कर लो। मैं पैसे नहीं दूंगा, तब इन्होंने थाना पिथौरा जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा और न्याय की गुहार लगाई हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में भी सचिन घरड़े अवैध शराब विक्रय, मारपीट, गाली गलौज जैसे कई मामले में जेल जा चुका है।





## नवागांव स्कूल में छात्रों ने खेली सूखी होली

**महासमुंद।** शापूमाशा नवागांव में होली के पूर्व सूखी होली खेल कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक चमनलाल निर्मलकर, शिक्षक अरुण कुमार साहू, मेमन कुमार चंद्राकर एवं अमर साहू उपस्थित रहे।

## ईडी, आईटी की बैसाखी से चल रही भाजपा : विनोद

### उद्योगपतियों को घोटालों की छूट के बदले भाजपा वसूल करती है चंदा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा और पीएम मोदी तानाशाही पर उतर आए हैं। देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मकसद के लिए इस्तेमाल कर विपक्षी दलों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि ईडी और आईटी के बैशाखी के सहारे भाजपा चल रही है। चुनावी इलेक्टोरल बान्ड परत दर परत खुलने से भाजपा की पोल भी खुल रही है। देश की जनता देख और समझ रही है कि कैसे विपक्षी नेताओं को टारगेट किया जा रहा है।



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित समस्त विपक्षी नेताओं को परेशान कर भाजपा चुनावी वैतरणी पार करने साजिश रच रही है। चंद्राकर ने कहा कि राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना देश के लिए घातक है। अपने आलोचकों से चुनावी रणभूमि में उतरकर लड़िए, उनका डटकर मुक़ाबला करिए, उनकी नीतियों और कार्यशैली पर बेशक हमला करिए यही लोकतंत्र होता है। मगर इस तरह देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना, दबाव डालकर उन्हें कमजोर करना लोकतंत्र के हर उसूल के खिलाफ है।

देश के विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज़ कर दिए गए हैं, तमाम राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दिन रात दबाव है, एक मुख्यमंत्री जेल में डलवा दिए गए हैं। अब दूसरे मुख्यमंत्री को भी जेल ले जाने की तैयारी हो रही है।



## महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के छात्रों को अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा के बारीकियों को सिखाने के लिए लैंग्वेज लैब का निर्माण किया जा रहा है। लैब के सुचारू संचालन के लिए वर्डर वर्थ लैंग्वेज प्रोग्राम सेंटर गुजरात द्वारा महाविद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण तीन चरणों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षक के रूप में भाषा वैज्ञानिक ऐलिन जान एवं अरिंदम भट्टाचार्य ने वीडियो काम्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सी खलखो, कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ. अजय देवांगन, सहायक प्राध्यापक हिन्दी सीमारानी प्रधान, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी आशुतोष पुरी गोस्वामी, अतिथि व्याख्याता नरेश मिरी, टीकम साहू, पूजा यादव उपस्थित रहे।

## आयुश का चयन राष्ट्रीय जूनियर हैंडबाल में

**महासमुंद।** भारतीय हैंडबॉल संघ तथा मध्य प्रदेश हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में 45वीं जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स विदिशा मध्य प्रदेश में 23 से 27 मार्च तक किया जा रहा है। जूनियर चैंपियनशिप में जिले के आयुश निर्मलकर पिता विजय कुमार निर्मलकर का चयन हुआ हैं, जो नियमित रूप से प्रशिक्षक व व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोरिंग डॉ. सुनील कुमार भोई व सीनियर खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। आयुश के चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव व हीना ढालेन, समस्त व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनिल कुमार भोई, गणेश कोसरे, सेवन दास, वेद राम, नीलम सिन्हा, अंजनी साहू, इंद्राणी भास्कर, कामता साहू, जगदीश धीवर, अभिषेक निर्मलकर, ओंकार निषाद, लिशांशु साहू, सुभांश शर्मा, लोचन साहू, गगन धीवर, रितेश पाटले, सूरज पाटले, प्रणव शर्मा, नैतिक, पार्थ शर्मा, अजय साहू, मनीष कुर्रे, मनीष चौधरी, मयंक साहू, दीपेश साहू, हितेश ध्रुव, प्रवीण ध्रुव, आशीष टंडन, श्रेयांश सिंह, दित्या शर्मा, कनक साहू, मानसी साहू, गीतांजलि साहू, ममता धीवर, पिंकी धीवर, मनोज प्रधान आदि ने हर्ष जताया है।



## कार्यशाला में मतदाता जागरुकता के लिए दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद के निर्देशन में कम्युनिटी मोबिलाइजेशन अंतर्गत शिक्षक, पालक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सम्मेलन एवं माता उन्मुखीकरण कार्यशाला स्थानीय शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कमल नारायण चंद्राकर, अध्यक्षता एपीसी डीएन जांगड़े, विशेष अतिथि संपा बोस, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। डीएमसी द्वारा शिक्षा गुणवत्ता के लिए शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचार की सराहना की गई। कार्यक्रम के मध्य अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू एवं नायब तहसीलदार की टीम द्वारा उपस्थित समूह को मतदाता जागरुकता संबंधी शपथ दिलाई गई।



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका परिषद महासमुंद टॉमसन रात्रे ने शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के शिक्षा के क्षेत्र में समन्वित कार्य की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित स्वास्थ्य सुपरवाइजर शहरी क्षेत्र दीपक तिवारी द्वारा सुपोषण से स्वास्थ और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ नोडल जिसमें भारती सोनी अंगना म शिक्षा, निहारिका चंद्राकर बालवाड़ी, दुर्गा यादव ईसीसीई, केआर सोनवानी कठपुतली प्रदर्शन, नीलकंठ यादव एसएमसी सक्रियता, बलराम नेताम खिलौना आधारित शिक्षा, रामनाथ यादव एफएलएन पर कार्यशाला को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी बीच शिक्षा ज्योति पीएलसी समूह द्वारा कठपुतली नाटिका का सुंदर प्रस्तुतिकरण किया गया। अंत में सभी विषय विशेषज्ञ एवं उपस्थित संकुल समन्वयकों को प्रशस्ति पत्र एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन खेमिन साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आशीष साहू, नीरज साहू, सुरेश पटेल, गणेश राम टंडन, फनेंद्र बंजारे, ए चंद्रशेखर डोरा, पवन साहू, ईश्वर कुमार, ललित किशोर बया, पीतांबर पाठक बीआरसी स्टाफ केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।



## मतदान के लिए जागरुकता रैली निकाली

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वीप अंतर्गत जिला रासेयो संगठक डॉ मालती तिवारी के निर्देशन एवं संस्था की प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने ग्राम चिरको के साप्ताहिक बाजार चौक एवं ग्राम की गलियों में रैली निकालकर एवं नारे लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली का थीम मेरा पहला वोट देश के लिए था। जिसके माध्यम से नए मतदाताओं को उनके मत की ताकत से अवगत कराया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अनिवार्यतः मतदान करने की अपील की गई। इस रैली में नितेश यादव, टुकेश्वर पटेल, सेवक पटेल, पंकज निषाद एवं अन्य स्वयंसेवकों के साथ महाविद्यालयीन स्टाफ एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।





